## मंगल चोबीसी का आयोजन संपन्न

**निम्बाहेडा।** दिवाकर भवन निम्बाहेडा में चातुर्मास हेतु बिराजित श्रमण संघीय, जैन दिवाकरिय, जैन सिद्धांताचार्य महासाध्वी श्री प्रतिभाश्री जी म.सा. के 15 वे मुस्कान प्रिय स्पष्ट वक्ता साध्वी श्री प्रेक्षा श्री जी म.सा. के 8 वें तथा सतत अध्ययनरत साध्वी श्री प्रेरणा श्री जी म. सा. के 10 वें वर्षीतप के मंगल प्रसंग पर सकल जैन श्री संघ निम्बाहेडा की महिलाओं के लिए चौबीसी का आयोजन किया गया। इसमें जैन समाज निम्बाहेडा की सैकडों महिलाओं ने चौबीसी गीत में भाग लिया तथा साध्वी मंडल के तप की के अनुमोदना की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेन्स महिला शाखा नई दिल्ली की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती पुष्पा गोखरू उपस्थित थी, उन्होंने अपने उद्बोधन में साध्वी मंडल के वर्षीतप के बारे मैं अपने विचार व्यक्त किए। पुष्पा गोखरू तथा निर्मला बुलिया का स्वागत सरोज ढेलावत ने शाल व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जैन कान्फ्रेंस की ओर से श्रीमती पुष्पा गोखरू ने आदर की चादर ओढाकर सम्मानित किया।

# विधायक श्रीचंद कृपलानी ने छोटीसादड़ी नगर भ्रमण कर व्यापारियों और क्षेत्रीय जनता से दिवाली की राम-राम की

**निम्बाहेडा।** राज्य के पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने शुक्रवार को छोटीसादडी नगर भ्रमण कर स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रीय जनता से मुलाकात की तथा दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व पर जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियों की कामना की।

विधायक कृपलानी ने हिंदू धर्मशाला से कासमा एजेंसी होते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अठावाल की दुकान, सदर बाजार, प्रताप चौक, अन्नपूर्णा बाजार एवं गांधी चौराहा मार्ग में पैदल भ्रमण करते हुए व्यापारियों, दुकानदारों व क्षेत्रवासियों को दीपावली की बधाई दी।

इस दौरान पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अठावाल, श्रीमति चन्दन बाला कासमा, मंडल अध्यक्ष रामचंद्र माली, कैलाश गुर्जर, रमेश गोपावत, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जसपाल गुर्जर, महामंत्री अजीत दुग्गड, भेरूलाल मोहिल, शशिकांत शर्मा, भाजपा वरिष्ठ नेता विष्णुलाल पाटीदार, कांति लाल दक, लक्ष्मीलाल कोठारी, मनोहर लाल पारिक, रतन सिंह राजपुत, शंकर सिंह, कांतिलाल मुरडिया, सुभाष कासमा, मधुसूदन झाला, चांदमल यादव, प्रकाश कुमावत, दिनेश कासमा, सुमित शर्मा, विशाल राव मराठा, राजकुमार पाटीदार, सुभाष पाटीदार, पार्षद सुरेश गुजराती, पंकज सोनी, विजय सिंह झाला, अंकित अठावाल, घनश्याम कुमावत, घनश्याम मेनारिया, कैलाश गुर्जर, ललित शर्मा, लाल सिंह भाटी, ओंकार कंडारा, गिरिराज सोनी, रमेश उपाध्याय, अमर सिंह आंजना, यशवन्त सोनी, मनीष अठावाल, राहुल शर्मा, विष्णु पाटीदार, कैलाश इंदौरा, बलराम जाट, भंवर लाल जाट, अमित नागोरी, पिंटू सोनी, दीपक कुमावत, सत्यनारायण गायरी, गिरधारी कुमावत, कन्हैयालाल कुमावत, देवीलाल कुमावत, जतिन दक, मुकेश मेनारिया आदि सहित बडी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नगरवासियों को दीपोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



विधायक श्रीचंद कृपलानी ने शुक्रवार को छोटीसादड़ी नगर भ्रमण कर स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रीय जनता से मुलाकात की

■ दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व पर जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियों की कामना की

## सार-समाचार

### भगवान महावीर का निर्माण लड्डू चढाया

**डूंगरपुर।** महावीर नगर स्थित महावीर मंदिर भगवान महावीर का निर्माण लड्डू चढाया गया प्रातः 7 बजे पंचामृत अभिषेक एवं शांति धारा की गई इसके पश्चात को लड्डू चढाया गया। पंचामत अभिषेक एवं शांति धारा की बोली का लाभ बालूलाल वोरा एवं निर्माण लड्डू की बोली नवीन कुमार वोरा भगवान महावीर की पूजा एवं निर्वाण पूजा करके लड्डू को चढाया गया। भगवान नेमिनाथ के लड्डू की बोली का लाभ भूपेंद्र कुमार गांधी परिवार ने लिया। भगवान महावीर के सम्मुख पावापुरी के जल मंदिर की तरह पद्म सरोवर की रचना की गई जिसमें लोगों ने दीपदान कर दीप उत्सव मनाया बनाया। सैकडो की तादात में भक्तजन मौजूद थे महावीर मंदिर अध्यक्ष बालूलाल बोरा महामंत्री मोहनलाल पाटनशाह, कोषाध्यक्ष सुदर्शन वोरा, साधु सेवा समिति के अध्यक्ष निर्मल भंवरा महामंत्री बसंतलाल कोषाध्यक्ष गजेंद्र मंदिर के ट्रस्टी गण भूपेंद्र कुमार हेमंत कुमार सतीश अजीतलालजी गांधी एवं कई गणमान्य श्रावक मौजूद थे।

### आवेदन की अंतिम तिथि 9 नवम्बर तक

**डूंगरपुर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरडा जिला डूंगरपुर के लिए सत्र 2025-26 में जवाहर नवोदय विद्यालयों की कक्षा 9 एवं 11 में रिक्त स्थानों पर लेटरल एंट्री टेस्ट-2025 के प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 9 नवम्बर तक बढाई गई है। जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरडा के प्राचार्य ने बताया कि सत्र 2025-26 में जवाहर नवोदय विद्यालयों की कक्षा 9 एवं 11 में रिक्त स्थानों पर लेटरल एंट्री टेस्ट-2025 के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 9 नवम्बर तक बढाई गई है। ज्ञातव्य हो कि सत्र 2024- 25 में कक्षा 10 में अध्ययनरत विद्यार्थी कक्षा 11 के लिए व कक्षा 8 में अध्ययनरत विद्यार्थी कक्षा 9 के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिन विद्यार्थियों का जन्म 1 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के बीच में हुआ है वे कक्षा 11 के लिए व जिनका जन्म 1 मई 2010 व 31 जुलाई 2012 (दोनों तिथि सम्मिलित) के बीच में हुआ है वे कक्षा 9 के लिए आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी डूंगरपुर जिले के किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में अध्ययनरत होना चाहिए।

### छापी गांव में 2 गायों ने लगाई दौड

**डूंगरपुर।** बिछीवाडा के छापी गांव में शनिवार सुबह 8 बजे पंचायत समिति भवन के पीछे मैदान में 200 गायों ने एक साथ दौड लगाई। शिव मंदिर में ढोल नगाडों के साथ पूजा की गई और इसके बाद यह दौड 15 मिनट तक चली। पशुपालकों ने दौड के लिए अपनी गायों को मोर पंख, तोरण, रंग बिरंगी कपडों की कतरनों और रंगों से सजाया। यह परंपरा 200 साल से चली आ रही है। पूरे गांव में इस दौड के दौरान धूल का गुबार छा गया। युवा गायों को हांककर दौडाते रहे। इस दौड में सफेद रंग की गाय ने रेस जीती। इससे खुशी की लहर दौड गई।

## 10 दिवसीय एक्यूप्रेशर सुजोक शिविर का शुभारंभ

निम्बाहेडा। जैन दिवाकर जन्म जयंती के अवसर पर शनिवार को स्थानीय आदर्श कॉलोनी स्थित श्री जैन दिवाकर भवन में 2 नवम्बर से 11 नवम्बर तक 10 दिवसीय एक्यूप्रेशर सुजोक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जैन दिवाकर बहुमण्डल की पूर्व अध्यक्षा सीमा ढेलावत ने बताया कि श्री जैन दिवाकर भवन में चातुर्मासार्थ विराजित जैन सिद्धान्तचार्य महासाध्वी प्रतिभा श्री जी म.सा., साध्वी प्रेक्षा श्री जी म.सा. एवं साध्वी प्रेरणा श्री जी म.सा. के सानिध्य में नववर्ष संवत 2551 के शुभारंभ पर महामांगलिक प्रदान कर श्री वर्धमान स्थानकवासी श्री संघ के तत्वावधान में जैन दिवाकर युवक परिषद, जैन दिवाकर महिला मंडल, जैन दिवाकर बहु मण्डल के द्वारा आयोजित शिविर का शुभारंभ किया, ततपश्चात एक्यूप्रेशर चिकित्सक डॉ. गुलाब राम ने चिकित्सकीय सेवाएं आरम्भ की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, वरिष्ठ श्रावक केसरीमल सिंघवी, डॉ. जे.एम जैन आदि का दिवाकर परिवार द्वारा स्वागत किया गया।

शिविर प्रभारी डॉ. गुलाब राम ने बताया कि शिविर में प्रेशर पॉइंट चिकित्सा के साथ अनेक उपकरणों से सर्वाइकल, माइठोन, पीठ का दर्द, पसलियों का दर्द, हाथों में कम्पन, घुटनों का दर्द, थाइराईड, स्लीप डिस्क, फ्रोजन शोल्डर, चक्कर आना, साइटिका पेन (रिंगव वाव), हाथ-पांव सुन्न होना, धरण, कब्ज, गैस, सिरदर्द, गठिया, बवासीर, गुर्दे की पथरी, बच्चों का बिस्तर गीला करना, तोतला बोलना, हकलाना, एडी में दर्द, मोटापा, बी.पी. का बढ़ना-घटना, नाभि का खिसकना, लकवा, शुगर (1 वर्ष पुरानी), सांस के रोगों का उपचार किया जाएगा। दस दिन शिविर का रजिस्ट्रेशन शुल्क प्रति रोगी मात्र 300 रुपया रहेगा, शिविर का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 3 से सायं 7 बजे तक रहेगा।

## 2 टेम्पो से मिले 5.80 लाख रुपए

**डूंगरपुर।** धंबोला थाना पुलिस ने मांडली चेक पोस्ट पर तलाशी के दौरान 2 टेम्पो से 5 लाख 80 हजार रुपए बरामद किया है। कैश परिवहन के कोई डॉक्यूमेंट नहीं मिले। पुलिस मामले की जांच कर रही है। धंबोला थानाधिकारी ने बताया कि शनिवार को मांडली चेक पोस्ट पर नाकाबंदी कर गाडयिों की जांच की गई। इस दौरान एक लोडिंग टेम्पो के आने पर रुकवाया। तलाशी के दौरान टेम्पो में एक काली थैली मिली। जिसमें रुपए भरे हुए थे। ड्राइवर इरफान पुत्र इब्राहिम ईपरोलिया घांची निवासी सीमलवाडा कोई जवाब नहीं दे सका। कैश ले जाने के कोई डॉक्यूमेंट भी नहीं मिले। जिस पर पुलिस ने कैश जब्त कर गिनती की। इसमें 3 लाख 85 हजार रुपए का कैश बरामद किया गया। पुलिस ने एक ओर लोडिंग टेम्पो को रुकवाया। टेम्पो में काली पॉलीथिन की थैली में 1 लाख 95 हजार रुपए का कैश बरामद किया गया। ड्राईवर इब्राहिम पुत्र इशाक इपरोलिया निवासी सीमलवाडा के पास कैश परिवहन के कागजात नहीं मिले। पुलिस ने आचार संहिता को देखते हुए कैश जब्त कर कार्रवाई की जा रही है।

# शराब के ठेके से चोरी का 1 आरोपी गिरफ्तार

■ 3 नाबालिग डिटेन, दुकान के पीछे की चद्दर काटकर नकदी और बोतल की थी चोरी

**डूंगरपुर।** कोतवाली थाना पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं, 3 नाबालिग को डिटेन किया है। आरोपियों ने शराब के ठेके के पीछे की तरफ चद्दर काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि 8 जुलाई को हरीश पुत्र सोमाजी कटारा निवासी मांडवा खापरडा ने मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि वह शहर के इंडस्ट्रीज एरिया मोड रेती स्टैंड पर स्थित शराब के ठेके पर काम करता है। शराब का ठेका हेमलता चौबीसा के नाम से है। रात को दुकान बंद कर गया था। इसके बाद दूसरे दिन सुबह 8 बजे दुकान खोलने आया तब देखा कि दुकान के पीछे की तरफ लोहे चद्दर काटकर चोरी की वारदात हुई है। चोर दुकान से शराब की बोतलों के साथ ही काउंटर से कैश चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

थानाधिकारी ने बताया कि एएसआई विपिन जोशी, कॉनि.नरेंद्रसिंह, हरीश, महिपाल, सुरेंद्रसिंह ओर सोहनसिंह की टीम छानबीन में जुट गई। टीम ने आरोपी नितेश उर्फ उदयलाल उर्फ करण पुत्र मोहन अहारी निवासी पगारा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, पुलिस ने 3 नाबालिग को भी डिटेन किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दिन के समय वे केबिन और दुकानों की रेकी करने के बाद रात के समय चोरी की वारदातो को अंजाम देते हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का सामान ओर कैश बरामद किया है। फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है।

## मंदिर में भव्य अंकुट का आयोजन

डूंगरपुर। जडिया श्रीमाल समाज एवं श्रीमाल समाज ने श्री राधाकृष्ण और श्री रूप चतुर्भुज मंदिर में अंकूट का भव्य आयोजन किया।

दोनों मंदिर में समाज अध्यक्ष प्रवीण श्रीमाल व मुकेश दाडमचंद के नेतृत्व में ठाकुर जी को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया। समाज की महिलाओं ने सुमधुर भजनों का गायन किया और नवयुवक मंडल के युवाओं ने पटाखे फोडे। दोनों मंदिरों में थार के साथ महाआरती का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया। इस उपलक्ष पर समस्त समाजजनों ने दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन किया। इस अवसर पर नवनीतलाल श्रीमाल, नारायण श्रीमाल, दिनेशचंद्र श्रीमाल, राजकुमार, लालबहादुर, मुकेश गेबीलाल, चेतनलाल, भाविन श्रीमाल, सतीश कुमार, भगवतीलाल, भंवरलाल, पंकज पेंटर, प्रदीप कुमार, शंकरलाल, वीरकरण, विरेन्द्र कुमार, विकास कुमार, ललित कुमार, संदीप श्रीमाल, अमित कुमार, मयंक श्रीमाल, जिग्नेश श्रीमाल, कुणाल श्रीमाल एवं समस्त समाज जन उपस्थित रहे।






# अहीरों का पूरा में निकली श्री घास भैरू बावजी की सवारी

**निम्बाहेडा।** पौरोणिक मान्यताओं के अनुसार क्षेत्र को घातक बीमारियों, प्राकृतिक आपदाओं से बचाने तथा क्षेत्र में खुशहाली की कामना के साथ वर्षों से चली आ रही परम्परा का निर्वहन करते हुए शनिवार को नगर के अहिरों का पुरा में श्री घास भेरू बावजी की सवारी बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ निकाली गई।

ढोल के साथ श्रद्धा और उल्लास के साथ निकली सवारी के दौरान भाजपा की ओर से पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व नगर महामन्त्री विरेश चपलोत, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक गजेंद्र नवलखा, भाजयुमो नगर महामंत्री आशीष टांक, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल शर्मा ने श्रद्धा के साथ श्री घास बावजी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। इस दौरान पूर्व पार्षद कैलाश अहीर, ललित बाहेती, जगदीश अहीर, गोपाल अहीर, गन्नालाल अहीर, केसरी मल माली, विजय माली, संतोष माली, कालू अहीर, ललित माली, कैलाश नाथ योगी, रमेश माली, गोविंद माली, भेरूलाल माली, जगदीश माली, सूरज अहीर, मांगीलाल माली, सागर अहीर, मनीष, अहीर, अजय पाल अहीर, चिराग मूंदड़ा, लक्ष्मी नारायण योगी, बलराम माली, कैलाश लोहार, रतन लोहार, राधेश्याम अहीर, राजकुमार प्रजापत, दीपक माली, दीपक अहीर, दिलीप माली, रवि प्रजापत, रतन सिंह, सुनील शारदा, कैलाश माली, प्रहलाद आदि सहित समस्त अहीरों का पुरा के निवासी गण उपस्थित थे।



श्री घास भेरू बावजी की सवारी बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ निकाली गई।

■ भाजपा नेताओं ने श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना कर की खुशहाली की कामना

## किराना दुकानदार के चचेरे भाई की चाकू घोंपकर हत्या

डूंगरपुर। आसपुर थाना क्षेत्र के नया गांव कस्बे में शुक्रवार शाम करीब 8.30 बजे बाइक पर आए दो बदमाशों ने एक किराना दुकान पर बैठे दुकानदार के चचेरे भाई की चाकू घोंपकर कर हत्या कर दी। इस दौरान दुकान भी मालिक को कंधे पर चाकू लगने से घायल हो गया। शव को सागवाडा मोर्चरी में रखवाया गया है, जबकि घायल को सागवाडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में भर्ती कराया गया। इधर, घटना से आक्रोशित लोगों ने शनिवार सुबह लोगों ने आसपुर-सागवाडा मार्ग को जाम कर दिया। एक घंटे की समझाइश के बाद जाम खुलवाया

फिलहाल लोग उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अडे जिससे दोपहर 2 बजे तक पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई नहीं हो सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नयागांव में किराना दुकान पर बाइक पर सवार होकर दो व्यक्ति आए और उन्होंने दुकान के मालिक भोपाल सिंह से सिगरेट और सुपारी देने को कहा। इसी दौरान उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। इस पर दुकान में बैठे नेपाल सिंह, मेघजी पाटीदार और रामलाल मीणा ने दोनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों में लडाई हो गई। नेपाल सिंह जैसे ही दुकान के बाहर आएए एक बदमाश ने उनका कॉलर पकड लिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पीलक, प.स. झाड़ोल (फ.)**

क्रमांक: 2024-25/53 दिनांक: 30.10.2024

**ई-निविदा सूचना 01/2024-25**

ग्राम पंचायत पीलक में महानरेगा एवं अन्य योजनाओं अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु सामग्री आपूर्ति की निविदाएं दिनांक 04.11.2024 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN NO- ZUD2425A1161**

सरपंच<br>ग्राम पंचायत पीलक<br>पं.स. झाड़ोल (फ.), जि.-उदयपुर

ग्राम विकास अधिकारी<br>ग्राम पंचायत पीलक<br>पं.स. झाड़ोल (फ.), जि.-उदयपुर


# रोशनी से नहाए बाजार, दिन भर चला बधाईयों का चला दौर

**डूंगरपुर।** जिले भर में दीपावली का पर्व परम्परागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी प्रमुख बाजारों, प्रतिष्ठानों एवं मकानों पर भव्य सजावट की गई और लोगों ने गले मिल कर दीपावली एवं नववर्ष की बधाईयां दी।

दीपावली के पावन अवसर पर गुरूवार प्रातः शुभ चोघडियें में सर्व प्रथम विघ्नहर्ता भगवान गजानन की पूजा अर्चना की गई। श्रद्घालुओं ने गणेश प्रतिमाओं पर सिन्दूर से नये पाने चढाएं और नैवेद्य अर्पित किया। जिले भर में लोग दिन भर दीपोत्सव के पूजन की तैयारियों में जुटे रहे। दोपहर बाद से लक्ष्मीजी की पूजा अर्चना का दौर शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। अधिकांश स्थानों पर गोधुली वेला के शुभ मुहूर्त में देवी लक्ष्मी की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। दीपावली के स्वागत में डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर सभी प्रमुख चौराहों सहित मुख्य बाजारों, विभिन्न गली-मौहल्लों में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं मकानों की भव्य सजावट की गई। शहर के सभी प्रमुख बाजारों नया बस स्टेण्ड, शास्त्री मार्ग, पुराना बस स्टेण्ड, तहसील चौराहा क्षेत्र, न्यू मार्केट, सुपर मार्केट, पालिका बाजार, पुराना अस्पताल तिराहा, कंसारा चौक, सौनिया चौक, सर्राफा बाजार, मोची बाजार, धनलक्ष्मी मार्केट, नेहरू मार्ग, महाराजा मार्केट आदि में चमकीली फर्रियों एवं रंगीन बल्बों से आकर्षक सजावट की गई। शहर में की गई मनोहारी सजावट और रोशनी का नजारा देखने रात्रि में नगरवासियों का सैलाब उमड पडा।

गेपसागर की पाल पर गीत संगीत की मधुर स्वर लहरियो एवं रामलीला पर शहरवासियों ने आनंद लिया तो वही देर रात तक आतिशबाजी का दौर भी चलता रहा। गोधूली वेला में एवं शुभ मुहूर्त में लक्ष्मी पूजन के पश्चात लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाईयां दी। फौज का बडला स्थित महालक्ष्मी मंदिर में देर रात तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। ग्राम्यांचलों में दीप पर्व के तहत वागड अंचल में सांस्कृतिक अनुष्ठान के रूप में मेरियू और दाम्पत्य जीवन में बंधे नव दम्पत्तियों को शुभकामनाएं प्रेषित करने दिवाली आणे की रस्म अदा की गई। जिले भर में 'आज दीवारी-काल दीवारी-परमं दाडे मेरियू' की अनुगूंज गुंजायमान रही। दीपावली के अवसर पर इस बार भी जम कर आतिशबाजी की गई और सारी रात आतिशी नजारे आसमान में अनोखी छटा बिखेरते रहे और पटाखों की गूंज सुनाई देती रही। शुक्रवार को नववर्ष के अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर नववर्ष की बधाईयां दी और दीपोत्सव पर बने स्वादिष्ट व्यंजनों का सेवन किया। इस अवसर पर अनुजों ने अपने वरिष्ठजनों के चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। नववर्ष के स्वागत में भी शहर भर में पटाखों की गूंज देर रात्रि तक होती रही।



गेपसागर की पाल पर परिषद ने भव्य सजावट की।

## अजमेर में सजा तिब्बतियों का बाजार

**अजमेर, (कासं)।** कचहरी रोड इंडिया मोटर्स सर्किल पर प्रतिवर्ष वर्ष की भांति प्रारम्भ होने वाले तिब्बतियन लहासा रिफ्यूजी गर्म वस्त्र मार्केट एसोसिएशन की ओर से आयोजित मार्केट के विधिवत के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने फीता काटकर मार्केट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर तिब्बतियन महिला ग्रुप द्वारा लोक नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसने सभी का मन मोह लिया।

रमेश लालवानी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा की तिब्बत को शीघ्र से शीघ्र स्वतंत्रता दिलवाने के समस्त देशों को सामूहिक प्रयास करने चाहिये। दलाई लामा ने महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं पर चलकर विश्व शांति के पूर्ण प्रयास किया और शांति के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित हुए हम तिब्बत देश की आजादी के लिए शुभकामनाएं देते हैं। बौद्धमठ गौतम नगर के अध्यक्ष गुणवंत राहुल ने बताया कि तिब्बतियों लोगों के द्वारा राहुल सुमन छाबड़ा द्वारा स्थापित बौद्धमठ में आकर के अपना व्यवसाय प्रारंभ करने और समापन पर प्रार्थना करके अच्छे कारोबार की प्रार्थना करते हैं। सर्वधर्म लोगों प्रतिनिधियों ने सद्भाव पर आधारित व्यवसाय लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि रमेश लालवानी ने देश की अखंडता और एकता की शपथ दिलाई। लालवानी ने बताया कि दलाई लामा ने 1958 को अपने 90 अनुयायियों और माता व बहन के साथ भारत में प्रवेश करके शरण ली थी। भारत सरकार ने उन्हे गर्म वस्त्र विक्रय की अनुमति प्रदान की। एसोसिएशन के अध्यक्ष चो गिल्तसन के नेतृत्व में मुख्य अतिथि रमेश लालवानी, गुणवंत राहुल, सोनी राहुल, पुष्पेंद्र कुमार, लक्ष्मी, विक्रम सिंह कालोत का दुपट्टा पहना कर माल्यार्पण करके सम्मानित किया गया।


**OFFICE OF GP DAMANA (M.) P.S. JHADOL, UDAIPUR**

DIS.NO.- GP DAMANA/2024-25/TENDER/ DATE: 30.10.24

**E- TENDER- 03/2024-25 GP DAMANA (M)**

Gram panchayat Damana (Magwas) invites applications for procurement of Street light mukhy choraha mandir ke samane damana (magwas). Application can be buy and submit 31.10.24 to 07.11.2024 till 5:00 pm. Details/information can be seen at sppp.rajasthan.gov.in.

**UBN NO. : ZUD2425WSOB01658**

SARPANCH<br>GP Damana (M.)

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER<br>GP Damana (M.)